विधान परिषद के द्वितीय सत्र,2022 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 4 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव की नगर पालिका परिषद में कुल कितने वार्ड हैं? | नगर पालिका परिषद, उन्नाव में कुल 32 वार्ड हैं। |
| (ख) उन वार्डों में कितने सफाई कर्मचारी नियमित तथा कितने कर्मचारी संविदा पद पर कार्यरत हैं ? | नगर पालिका परिषद, उन्नाव में 112 नियमित सफाई कर्मचारी, 164 संविदा सफाई कर्मचारी तथा 250 आउटसोर्स सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। |
| (ग) निर्धारित मानक के अनुसार कितने सफाई कर्मचारियों की कमी है ? | वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 177658 के सापेक्ष कुल 526 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। 10000 की जनसंख्या पर 28 सफाई कर्मचारियों के मानक के हिसाब से 497 सफाई कर्मचारी होने चाहिए। अतः सफाई कर्मचारियों की कमी नहीं है। |
| (घ) उक्त सफाई कर्मचारियों के पदों को कब तक मानकों के आधार पर नियुक्त किया जायेगा ? | प्रश्न नहीं उठता । |

ए0 के0 शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग ।